देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 13 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 11 अप्रैल 2023



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 18.0°

59846.51

2 रूस ने हमारा फायदा उठाया
7 शिखर के लिए फैंस की बीसीसीआई से मांग

# प्रदेश की महिलायें बढ़ा रही है राज्य का गौरव और सम्मान

## सीएम ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा उत्तराखण्ड की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति अपनी क्षमता एवं दक्षता से राज्य का सम्मान तथा गौरव बढ़ा रही है। प्रदेश की समृद्ध एवं गौरवशाली परम्परा को आगे बढाने का दायित्व भी हमारी नारी शक्ति बखूबी निभा रही है। हमारी संस्कृति अर्द्धनारिश्वर की उपासना के साथ देवियों की पूजा की परम्परा रही है।

सोमवार को परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा उत्तराखण्ड की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने महिला शक्ति को महाशक्ति बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में तो स्त्री ही सृष्टि की समग्र अधिष्ठात्री है, क्योंकि नारी सृजनात्मक शक्ति का प्रतीक होने के साथ ही संस्कृति एवं परंपराओं की संवाहक होती हैं एवं आदिकाल से भारतीय संस्कृति में महिलाओं को काफी ऊंचा स्थान हासिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई, जीजाबाई, अहिल्याबाई होल्कर एवं सती सावित्री जैसी अनेक नारियों ने अपनी क्षमता के बूते समय–समय पर इसको प्रमाणित करने का कार्य किया। हमारी सांस्कृतिक विरासत में मां का स्थान सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत पुनः अपनी पुरातन विचार संस्कृति की ओर लौट रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश महिला विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी महिला कार्यकर्ताओं पर प्रदेश की आधी आबादी के प्रतिनिधित्व की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, हमारे देश और प्रदेश की समृद्ध एवं गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण दायित्व भी आप पर है। हमारी सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी नारीशक्ति ने अपने कार्यों से, आत्मबल से और आत्मविश्वास से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा कि जब देश में महिलाओं का हर क्षेत्र में सहयोग एवं योगदान बढ़ता है, तब देश का विकास सुनिश्चित हो जाता है। आखिर हमारा न्यू इंडिया का सपना यही तो है, जहां नारी सशक्त हो, सबल हो और देश के समग्र विकास में बराबर की भागीदार हो।



### हमारे पास अपार उपलब्धियां और योजनाएः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास अपार उपलब्धियां और योजनाएं है और इन उपलब्धियों और योजनाओं को लेकर हर बहन तक पहुंचने की जिम्मेदारी महिला मोर्चा की है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा लगातार पार्टी के कार्यक्रमों के साथ ही रचनात्मक और सामाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आगामी समय में महिला मोर्चा और भी महत्वपूर्ण कार्य करेगा। महिला शक्ति ही महाशक्ति है इसलिए महिला मोर्चा की आप सभी उत्साही कार्यकर्ता जब घर–घर संपर्क करेंगी तो जनता का हमारे प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

### हमें आपका आशीर्वाद चाहिए, आपका समर्थन चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की समस्त माताओं और बहनों ने अपने अथक परिश्रम से जहां एक ओर आर्थिक रूप से अपने आपको आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है वहीं देवभूमि की सभ्यता और संस्कृति को भी जीवंत रखा है। हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें आपका आशीर्वाद चाहिए, आपका समर्थन चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी मातृशक्ति ने समय–समय पर अपनी क्षमताओं से प्रदेश का गौरव और सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है, हमारी सरकार के सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड निर्माण के "विकल्प रहित संकल्प" की सिद्धि के लिए भी आप अपना योगदान सुनिश्चित करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में हिंसा के बाद अमित शाह का पहला दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। पंचायत चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर बंगाल आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि शनिवार को बांग्ला नववर्ष की शुरुआत हो रही है। उसके पहले 14 अप्रैल यानी शुक्रवार को ही अमित शाह बंगाल आ जाएंगे। बीरभूम जिले में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उसके बाद दूसरे दिन यानी बांग्ला नववर्ष पर दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे।

### राहुल गांधी के दावे पर अदाणी समूह का जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अरबपति कारोबारी गौतम अडानी के समूह ने सोमवार को अपनी कंपनियों में 2019 से अब तक 2.87 अरब डॉलर की हिस्सेदारी की बिक्री का ब्योरा सूचीबद्ध किया और बताया कि कैसे समूह ने 2.55 अरब डॉलर जुटाए और उसे कारोबार में लगाया।

# भारत वास्तव में दुनिया का विश्व गुरु हैः झापरोवा

## यूक्रेन की उप–विदेश मंत्री ने की भारत की प्रशंसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। यूक्रेन की उप–विदेश मंत्री एमीन झापरोवा ने कहा कि यूक्रेन ने कभी किसी और देश पर हमला नहीं किया। हम लोग अकारण जंग के पीड़ित हैं। जैसा कि आपके प्रधानमंत्री ने कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है और हम इसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से हम एक आक्रामक देश से घिरे हैं। झापरोवा ने सोमवार को विदेश मंत्रालय में सचिव–पश्चिम संजय वर्मा से मुलाकात भी की।

**भारत को व्यावहारिक होना चाहिएः** यूक्रेन की उप–विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे देश में जब हम सिर्फ रूस पर निर्भर थे तो उन्होंने उसका गलत फायदा उठाया। भारत को सैन्य अनुबंधों, राजनीतिक बातचीत में व्यावहारिक होना चाहिए।

### हम भारत को निर्देश नहीं दे सकते

एमीन झापरोवा ने कहा कि हम भारत को उसके आर्थिक संबंधों को लेकर किसी भी तरह से निर्देश नहीं दे सकते। हमें लगता है कि भारत को अपने संसाधनों को लेकर विविधता लानी चाहिए, न ही सिर्फ ऊर्जा के क्षेत्र में, बल्कि अपनी सैन्य के क्षेत्र में भी लाना चाहिए।



**भारत वास्तव में दुनिया का विश्वगुरु हैः** एमीन झापरोवा ने कहा कि अगर मेरे राष्ट्रपति की बात प्रधानमंत्री मोदी से होती है तो वे उनको यूक्रेन आने का न्योता जरूर देंगे। मुझे लगता है कि एक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में भारत वास्तव में दुनिया का विश्वगुरु है और मूल्यों और न्याय के लिए लड़ते हुए हमने यूक्रेन में यही महसूस किया है।

गौरतलब है कि भारत ने जोर देकर बार–बार कहा है कि शांति और बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है।

# इस साल ज्यादा बारिश होगी या रहेगा सूखा ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। भारत में इस बार बारिश कितनी और कैसी होगी, इसका पहला पूर्वानुमान जारी हो गया है। वेदर रिपोर्ट देने वाली प्राइवेट एजेंसी स्काईमेट ने मानसून 2023 के लिए अपना पूर्वानुमान जारी किया है, जो काफी डरा देने वाली है।

बता दें कि इस साल सामान्य से कम मानसून का अनुमान है, यानि की पहले अनुमान में बारिश सामान्य से कम रह सकती है।

**अल नीनो देने वाली है दस्तक**

स्काईमेट ने बताया कि एलपीए यानी की लॉन्ग पीरियड एवरेज का 94 फीसदी बारिश होने का अनुमान है। स्काईमेट के प्रबंध निदेशक जतिन सिंह ने एक बयान में कहा कि ला नीना के खत्म होने के बाद अब आने वाले दिनों में अल नीनो दस्तक देने वाली है,जिसके कारण मानसून के कमजोर रहने की संभावना बन रही है। स्काईमेट ने कहा कि, भारत में मानसून की बारिश लंबी अवधि के औसत का 94 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

**यहां न के बराबर होगी बारिश**

स्काईमेट के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में सीजन की दूसरी छमाही के दौरान सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। इस बीच, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने भारत के उपजाऊ उत्तरी, मध्य और पश्चिमी मैदानी इलाकों में गेहूं जैसी फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है।

### अनुमान

■ मानसून का पहला अनुमान जारी, अल नीनो का खतरा

**उत्तरी और मध्य हिस्सों में बारिश की होगी कमी**

आपको बता दें कि भारत के लगभग आधे से ज्यादा किसान अपन खेत में चावल, मक्का, गन्ना, कपास और सोयाबीन जैसी फसलों को उगाने के लिए वार्षिक जून–सितंबर बारिश पर निर्भर करते है। स्काईमेट को उम्मीद है कि देश के उत्तरी और मध्य हिस्सों में बारिश की कमी का खतरा बना रहेगा।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नहीं थम रही कोरोना की रफ्तार!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का प्रकोप एक बार फिर भारत में बढ़ रहा है। दैनिक मामले चौंकाने वाले रिपोर्ट किए जा रहे हैं। वायरस धीरे–धोरे अपना पैर पसरता जा रहा है। देश के कुछ राज्यों में वायरस के बढ़ते मामले चिंता का विषय बने हुए हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 5,880 नए मामले दर्ज किए गए हैं और इसी के साथ देश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 35,199 हो गई है। इस बीच, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का देश भर में बढ़ते कोविड संक्रमणों पर बयान सामने आया है। आईएमए ने कहा, ष्हमारे देश में हाल ही में कोरोना वायरस के उछाल के पीछे कोविड–19 के प्रति बेफिक्र व्यवहार, कम परीक्षण दर और कोविड के एक नए संस्करण का उभरना एक बड़ा कारण हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने लोगों से सावधानी बरतने को कहा है।

वहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय ने देशभर के अस्पतालों में तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सोमवार और मंगलवार को राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल की घोषणा की है।

### कोरोना के बढ़ते मामलों का आईएमए ने बताया कारण

## न्यूज डायरी



### समुद्र में रेडियोएक्टिव सुनामी ला सकता है किम जोंग उन का नया हथियार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया एक के बाद एक विनाशकारी हथियारों का परीक्षण कर रहा है। ये हथियार न सिर्फ कोरियाई प्रायद्वीप पर बल्कि समूचे विश्व की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा साबित हो सकते हैं। उत्तर कोरिया ने शनिवार को दावा किया कि उसने पानी के नीचे परमाणु हथियार से हमला करने में सक्षम एक और ड्रोन का इस हफ्ते परीक्षण किया। इस ड्रोन को ऐसे डिजाइन किया गया है कि यह नौसेना के पोतों को तबाह कर दे। चार दिन तक चले इस परीक्षण की खबर अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के परमाणु संबंधी दूतों की दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हुई बैठक के एक दिन बाद आई है। इस बैठक में तीनों देशों के दूतों ने उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे पर चर्चा की और उत्तर कोरिया के हथियार कार्यक्रम का वित्त पोषण करने वाली अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई का आह्वान किया। यह 71 घंटे से ज्यादा वक्त तक पानी के नीचे घूमता रहा और फिर इसने पूर्वी शहर तानचोन के पास एक लक्ष्य को भेद दिया।

### चीन से लौटते ही बदल गए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के सुर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पिछले दिनों चीन की यात्रा पर थे। तीन दिन के बाद जब वह चीन से लौटे तो उन्होंने एक ऐसा बयान दे दिया जो अमेरिका को चुभ सकता है। मैक्रों ने कहा है कि अब समय आ गया है जब यूरोप को अमेरिका पर निर्भर होने की आदत छोड़नी होगी। उनका कहना था कि ताइवान की वजह से यूरोप को चीन और अमेरिका के बीच होने वाले टकराव से बचना होगा। अपने आधिकारिक प्लेन से मैक्रों का यह संदेश निश्चित तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। मैक्रों ने पॉलिटिको मैगजीन को दिए इंटरव्यू में यूरोप के लिए रणनीतिक स्वायत्तता के अपने सिद्धांत पर जोर दिया। माना जा रहा है कि मैक्रों का इशारा शायद फ्रांस के नेतृत्व में दुनिया कर तीसरी महाशक्ति का निर्माण करने की तरफ था। मैक्रों ने चीन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ छह घंटे समय बिताया है। शी जिनपिंग और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने मैक्रों की रणनीतिक स्वायत्तता की अवधारणा का समर्थन किया है।

### चीन ने शुरू की बारूदी बारिश, एक्शन में अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। चीन की सेना ने तीसरे दिन ताइवान को चारों ओर से घेरकर लाइव फायर ड्रिल शुरू कर दी है। चीन के फाइटर जेट ने ताइवान के ऊपर हमले का अभ्यास किया है। इसमें चीन का शांडोंग एयरक्राफ्ट कैरियर भी शामिल है। इस बीच अमेरिकी नौसेना ने भी मिसाइलों से लैस डेस्ट्रायर को दक्षिण चीन सागर के उस हिस्से से भेजा है जिस पर ड्रैगन दावा करता है। दरअसल, चीन ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग वेन की अमेरिका यात्रा से भड़का हुआ है और लाइव फायर ड्रिल करके डराने की कोशिश कर रहा है। चीनी सेना के पूर्वी थिएटर कमांड ने एक बयान जारी करके कहा कि H-6K फाइटर्स ने कई बार बारूद की बारिश की। इस दौरान ताइवान के विभिन्न लक्ष्यों को तबाह करने के लिए कई बार हवाई अभ्यास किया।

### रूस से पंगा लेकर यूक्रेन को यूं ही मिसाइलें नहीं दे रहा कंगाल पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। यूक्रेन की उप विदेश मंत्री भारत के अहम दौरे पर आ रही हैं। रूस के साथ युद्ध शुरू होने के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है कि यूक्रेन का कोई मंत्री भारत आ रहा है। जेलेंस्की की मंत्री की इस यात्रा के दौरान पाकिस्तान का मुद्दा उठ सकता है जो रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में दोहरी चांदी काट रहा है। एक तरफ पाकिस्तान जहां टैंक, मिसाइलें और गोला बारूद बेचकर पैसे कमा रहा है, वहीं ऐसी आशंका जताई जा रही है कि यूक्रेन ने पाकिस्तान को कहीं घातक मिसाइलों की तकनीक ट्रांसफर न कर दी हो। इससे पहले चीन, पाकिस्तान और यूक्रेन के बीच मिसाइलों की तकनीक को लेकर साठगांठ रह चुकी है।

# रूस ने हमारा फायदा उठायाः यूक्रेनी मंत्री

पैनी नजर

## रूसी हमले के बाद पहली बार भारत में यूक्रेनी मंत्री



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूसी हमले के बाद पहली बार यूक्रेन से कोई मंत्री भारत की यात्रा पर है। यूक्रेनी मंत्री इमिने ऐसे समय पर भारत आई हैं जब मास्को के साथ भारत का व्यापार लगातार नए शिखर पर पहुंच गया है। यूक्रेन की उप–विदेश मंत्री एमीन झापरोवा ने कहा है कि हम भारत को उसके आर्थिक संबंधों को लेकर किसी भी तरह से निर्देश नहीं दे सकते। हमें लगता है कि भारत को अपने संसाधनों को लेकर विविधता लानी चाहिए, न ही सिर्फ ऊर्जा के क्षेत्र में बल्कि अपनी सैन्य के क्षेत्र में भी लाना चाहिए। हमारे देश में जब हम सिर्फ रूस पर निर्भर थे तो उन्होंने उसका गलत फायदा उठाया। भारत को सैन्य अनुबंधों, राजनीतिक बातचीत में व्यवहारिक होना चाहिए। माना जा रहा है कि इस दौरान इमिने रूस के साथ चल रहे युद्ध पर अपना पक्ष रखेंगी। एक साल से ज्यादा समय से चल रहे इस युद्ध में भारत ने न्यूट्रल रुख अपना रखा है।

यूक्रेन को पाकिस्तान बड़े पैमाने पर हथियारों का निर्यात करके पैसा कमा रहा है जिस पर भारत ने अपनी पैनी नजर बना रखी है। भारत ने जोर देकर बार–बार कहा है कि शांति और बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है। यूक्रेन की मंत्री भारत के दो प्रमुख थिंक टैंक के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। भारत यूक्रेन को पिछले साल से ही मानवीय सहायता मुहैया करा रहा है। अब तक राहत सामग्री की 10 खेप भेजी जा चुकी है। इस सहायता में कई जरूरी दवाएं और मेडिकल उपकरण हैं।

**भारत की घटनाक्रम पर अपनी पैनी नजरः** यूक्रेन ने पिछले साल अपने राजदूत को वापस बुला लिया था और अभी तक किसी नए राजदूत की नियुक्ति नहीं की गई है। पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से टेलिफोन पर बातचीत की थी। इस बीच भारत का दुश्मन पाकिस्तान यूक्रेन को पश्चिमी देशों के माध्यम से हथियार और गोला बारूद मुहैया कराकर जमकर पैसा बना रहा है।

भारत इस पूरे घटनाक्रम पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। इस सप्ताह भारत संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में मतदान से दूर रहा था। इसमें युद्धापराधों की जांच को एक साल के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव था। यह प्रस्ताव किसी तरह से पास हो गया जिसमें 28 देशों ने प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। वहीं भारत समेत 17 देश इस प्रस्ताव से अनुपस्थित रहे। केवल दो देश ही इस प्रस्ताव से दूर रहे। पिछले दो सप्ताह में भारत ने कई शीर्ष रूसी अधिकारियों और मंत्रियों का स्वागत किया है। भारत और रूस ने एक लंबी अवधि का ऊर्जा समझौता किया है।

## क्या लीक हो गए यूक्रेन युद्ध से जुड़े खुफिया अमेरिकी दस्तावेज?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी रक्षा विभाग विभिन्न सोशल मीडिया साइट पर जारी उन दस्तावेजों की जांच रहा है, जिनमें रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन को वॉशिंगटन और नाटो की ओर से दी जा रही मदद का ब्योरा देने का दावा किया गया है। हालांकि, विभाग का कहना है कि इनमें से कई दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की गई है। आशंका है कि इनका इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध को लेकर गलत सूचना प्रसारित किए जाने के अभियान के तहत किया गया है। ट्विटर सहित अन्य सोशल मीडिया साइट पर जारी इन दस्तावेजों को गोपनीय बताया गया है। ये दस्तावेज अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ की ओर से दिए जाने वाले दैनिक विवरण के जैसे प्रतीत होते हैं, जिन्हें सार्वजनिक नहीं किया जाता है। 23 फरवरी से एक मार्च के बीच के इन दस्तावेजों में अमेरिका और नाटो की ओर से यूक्रेन को दिए जाने वाले हथियारों और अन्य सैन्य साजोसामान की मात्रा और समयसीमा के बारे में अधिक सटीक जानकारी देने का दावा किया गया है। हालांकि, दस्तावेजों में युद्ध की योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।



## अमेरिकी नौसेना का 5वां बेड़ा पहुंचा फारस की खाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में 154 टॉमहॉक मिसाइल ले जाने में सक्षम गाइडेड मिसाइल पनडुब्बी तैनात की है। बहरीन के खाड़ी देश में स्थित 5वीं फ्लीट के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स ने पनडुब्बी के मिशन या तैनाती की प्रेरित करने के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हॉकिन्स ने कहा कि जॉर्जिया के किंग्स बे में स्थित परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी स्वेज नहर से गुजरी। हॉकिन्स ने कहा, ष्यह 154 टॉमहॉक भूमि पर हमला करने वाली क्रूज मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है और क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद के लिए अमेरिका के पांचवें बेड़े में तैनात है। इसके क्षेत्र में यमन से दूर बाब अल–मंडेब जलडमरूमध्य और मध्य पूर्व को भूमध्य सागर से जोड़ने वाला मिस्र का जलमार्ग स्वेज नहर तक फैला हुआ लाल सागर शामिल है।

# पाक आर्मी चीफ– शहबाज ने चली बड़ी चाल, क्या करेंगे इमरान खान?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में जल्द चुनाव के आसार खत्म होते दिखाई दे रहे हैं। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की अहम बैठक में टीटीपी आतंकियों के खिलाफ 15 दिन के अंदर फिर से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू करने का ऐलान कर दिया है। पाकिस्तानी विश्लेषकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के पंजाब में मई में चुनाव कराने के आदेश के बाद अचानक से सैन्य अभ्यास शुरू करने के पीछे एक बड़ी चाल छिपी हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि

**पाकिस्तान में जल्द चुनाव के आसार खत्म!**

पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने सेना को सुरक्षा मुहैया कराने को कहा है लेकिन अगर वे आतंकी अभियान में व्यस्त रहेंगे तो चुनाव के लिए सुरक्षाकर्मी मुहैया नहीं करा पाएंगे। इससे न चाहकर भी चुनाव को टालना होगा जिसकी चाहत पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ जनरल मुनीर रखते हैं। पाकिस्तान की शीर्ष सुरक्षा संस्था एनएससी ने आतंकवाद का सफाया करने के लिए एक समग्र व्यापक अभियान शुरू करने पर सहमत हुई।

कथित तौर पर अफगानिस्तान से आने वाले आतंकवादियों से निपटने के लिए 15 दिनों के भीतर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) को फिर से शुरू करने की कसम खाई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनएससी की बैठक में निर्णय लिया गया जिसमें सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और अन्य सैन्य और नागरिक अधिकारियों के प्रमुखों ने भाग लिया। इसमें कहा गया, 'एनएससी ने एक नए संकल्प, दृढ़ संकल्प और वीरता के साथ देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए सरकार और राष्ट्र के समर्थन से एक बहु–आयामी व्यापक अभियान को मंजूरी दी।'

## ब्रिटेन को खालिस्तान समर्थकों को पनाह देना पड़ा भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारत ने यूके के साथ होने वाली व्यापार वार्ता को रोक दिया है। यूके की सरकार के सूत्रों के हवाले से इस बाबत जानकारी दी है। इस वार्ता को तब तक दोबारा शुरू नहीं किया जाएगा जब तक कि यूके की सरकार की तरफ से भारतीय उच्चायोग पर हमले करने वाले सिख चरमपंथियों की आलोचना करने वाला बयान सार्वजनिक तौर पर जारी नहीं किया जाता। मार्च में भारतीय उच्चायोग पर सिख चरमपंथी दाखिल हो गए थे। ये चरमपंथी दूतावास की पहली मंजिल तक पहुंच गए थे और इन्होंने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को निकालकर फेंक दिया था। चरमपंथियों ने इसकी जगह खालिस्तान का झंडा लगा दिया था। भारत इस घटना को लेकर यूके से काफी नाराज है। हालांकि भारत ने इस खबर को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया है। भारत सरकार के सूत्रों ने बताया है कि सिख चरमपंथियों की वजह से ट्रेड वार्ता रुकने की जो खबरें ब्रिटिश मीडिया में आई हैं, वो पूरी तरह से आधारहीन हैं।



*सही समय के इन्तजार के लिए धैर्य और और दूसरा- जो भी सामने आये उससे हताश होने का साहस।*
*–अज्ञात।*


# विचार-प्रवाह

देहरादून, मंगलवार, 11 अप्रैल 2023

पेज थ्री
www.page3news.in


# तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए

**सरकार गिरने से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि किसी पार्टी में आंतरिक मतभेद या असंतोष की खबरें फ्लोर टेस्ट का आधार नहीं हो सकतीं। लेकिन मामले की सुनवाई अभी जारी है। कोर्ट का फैसला नहीं आया है।**

अमन शर्मा।।

महाराष्ट्र की महा विकास आघाड़ी सरकार गिरने में राज्यपाल की भूमिका पर पिछले दिनों की गई कठोर टिप्पणी के बाद जिस तरह से देश के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट को ट्रोल किया जाने लगा, वह हैरत में डालने वाला है। सोशल मीडिया पर चला यह अभियान इतना गंभीर था कि सांसदों के एक ग्रुप ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उनसे दखल देने का आग्रह किया। सांसदों की मांग थी कि देश की शीर्ष अदालत और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ घटिया और अश्लील कॉमेंट करने वाले और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। यह वाकई गंभीर मसला है। संबंधित लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनसम्मत कड़ी कार्रवाई हर हाल में होनी चाहिए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की इस संबंध में की गई टिप्पणी को इस संदर्भ से अलग भी गंभीरता से लेने की जरूरत है। कोर्ट ने महाराष्ट्र की डट। सरकार गिरने से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि किसी पार्टी में आंतरिक मतभेद या असंतोष की खबरें फ्लोर टेस्ट का आधार नहीं हो सकतीं। लेकिन मामले की सुनवाई अभी जारी है। कोर्ट का फैसला नहीं आया है।



इसी मामले की अगली सुनवाई में कोर्ट ने यथास्थिति बहाल करने के आग्रह पर यह भी कहा कि जो सरकार विधानसभा में बहुमत साबित करने से पहले स्वेच्छा से हट गई, उसे भला कैसे बहाल किया जा सकता है? जाहिर है, इस खास मामले में किसी नतीजे पर पहुंचने की जल्दबाजी करने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। लेकिन राज्यपाल के पद के कथित दुरुपयोग का मुद्दा इस एक मामले तक सीमित नहीं है। अतीत में भी ऐसे मुद्दे उठते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से इनकी तीव्रता असामान्य रूप से बढ़ गई है। तमिलनाडु, केरल, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल– सबकी शिकायत है कि राज्यपाल कार्यालय का व्यवहार ऐसा है, जिससे राज्य सरकार का कामकाज प्रभावित हो रहा है। विवाद कई सारे मसलों पर है, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों को मंजूरी देने में टालमटोल कर रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री तो इसी मसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। खबरों के मुताबिक वहां सितंबर महीने से अब तक सात बिल राज्यपाल के पास पेंडिंग हैं। एक अन्य उदाहरण झारखंड का है, जहां मुख्यमंत्री पर चुनाव आयोग की राय पिछले छह महीने से राज्यपाल कार्यालय में ही पड़ी हुई है।

इस बीच, फरवरी में राज्यपाल बदले जा चुके हैं लेकिन यह मसला जस का तस है। विधानसभा का सत्र बुलाने और वाइस चांसलर्स की नियुक्ति करने पर भी कई राज्यों में विवाद हैं। सारे मसले संवैधानिक गतिरोध के नहीं हैं, लेकिन ये स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी भी नहीं। इन पर समग्रता में विचार होना चाहिए। जरूरी हो तो राज्यपालों की नियुक्ति करने और इन्हें हटाने की व्यवस्था पर भी पुनर्विचार किया जाए।

## प्रशंसा




**अशोक वोहरा।** प्राचीनकाल के राजा जब युद्ध पर जाते थे तो सर्वप्रथम कार्तिकेय की ही पूजा करते थे। यह युद्ध के देवता हैं और सभी पुराण और ग्रंथ इनकी प्रशंसा करते हैं। आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि और तिथितत्त्व में चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी को, कार्तिक कृष्ण पक्ष की षष्ठी, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की षष्ठी को भी स्कंद षष्ठी का व्रत होता है। यह व्रत संतान षष्ठी नाम से भी जाना जाता है। स्कंदपुराण के नारद–नारायण संवाद में इस व्रत की महिमा का वर्णन मिलता है। मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी राम–सीता के विवाह की यह तिथि विशेष मानी गई। पुराणों में श्री विष्णु–लक्ष्मी विवाह, शिव–पार्वती विवाह, गणेश–रिद्धि–सिद्धि विवाह, श्रीकृष्ण रुक्मिणी और सत्यभामा विवाह के साथ ही प्रभु श्री राम और सीता के विवाह की बहुत चर्चा होती है। इनके विवाह का पुराणों में सुंदर चित्रण मिलता है।

## संपादकीय

### हमारा भविष्य उज्ज्वल

मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा भविष्य उज्ज्वल है। मैंने अपने जीवन में देखा है कि लोग बदलते हैं, नजरिया भी बदलता है। वास्तव में यही मानव–जाति की गाथा हैय अन्यथा हम अब तक गुफाओं–कंदराओं में ही रह रहे होते। महिलाओं की मुक्ति की कहानी धीमी गति से, प्रायः दुखदायी शिथिलता के साथ आगे बढ़ी है। लेकिन यह यात्रा केवल सीधी दिशा में ही आगे बढ़ी है, कभी भी उलटी दिशा में नहीं लौटी। इसीलिए यह बात मेरे इस विश्वास को मजबूत बनाती है और मैं अक्सर कहती भी हूं कि भारत की स्वाधीनता की शताब्दी तक का 'अमृत काल' युवा महिलाओं का समय है। मुझे यह तथ्य भी आशान्वित करता है कि एक राष्ट्र के रूप में हमने अपनी शुरुआत, महिला–पुरुष न्याय के ठोस आधार पर की है। लगभग एक सदी पहले स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी के अभियानों से महिलाओं को घर की दहलीज पार करके बाहर की दुनिया में कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिला। उस समय से ही हमारे पूरे समाज में, और विशेष रूप से महिलाओं में, एक बेहतर भविष्य के निर्माण की आकांक्षा विद्यमान रही है। महिलाओं के लिए हानिकारक पूर्वाग्रहों और रीति–रिवाजों को कानून बनाकर या जागरूकता के माध्यम से दूर किया जा रहा है। हमें इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि श्रेष्ठ तथा प्रगतिशील विचारों के साथ तालमेल बनाने में समाज को समय लगता है। लेकिन समाज मनुष्यों से ही बनता है, जिनमें आधी संख्या महिलाओं की होती है और हम सब की, प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि इस प्रगति को तेज गति प्रदान की जाए।

आज एक बार फिर अनगिनत महिलाएं अपने चुने हुए क्षेत्रों में कार्य करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं। सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए सुविचारित प्रयास किए गए हैं।

# पुराने रीति–रिवाज

द्रौपदी मुर्मू।।



गत वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर मैं भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित समारोह में समापन भाषण दे रही थी। न्याय के बारे में बात करते हुए मुझे अंडर–ट्रायल कैदियों का खयाल आया और उनकी दशा के बारे में विस्तार से बोलने से मैं स्वयं को रोक नहीं पाई। मैंने अपने दिल की बात कही और उसका प्रभाव भी पड़ा। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं आपके साथ, उसी तरह, कुछ विचार साझा करना चाहती हूं, जो सीधे मेरे दिल की गहराइयों से निकले हैं। मैं बचपन से ही समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर व्याकुल रही हूं। एक ओर तो एक बच्ची को हर तरफ से ढेर सारा प्यार–दुलार मिलता है और शुभ अवसरों पर उसकी पूजा भी की जाती है, दूसरी ओर उसे जल्दी ही यह आभास हो जाता है कि उसकी उम्र के लड़कों की तुलना में, उसके जीवन में कम अवसर और संभावनाएं उपलब्ध हैं। एक ओर तो महिलाओं को उनकी सहज बुद्धिमत्ता के लिए आदर मिलता है, यहां तक कि पूरे कुटुंब में सब का ध्यान रखने वाली, परिवार की धुरी के रूप में उसकी सराहना भी की जाती है, लेकिन दूसरी ओर,परिवार से संबद्ध, यहां तक कि उसके ही जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में, यदि उसकी कोई भूमिका होती भी है, तो अत्यंत सीमित होती है।

विगत वर्षों के दौरान घर के बाहर के वातावरण में पहले एक छात्रा, उसके बाद एक अध्यापिका और बाद में एक समाज–सेविका के रूप में दृ मैं इस तरह के विरोधाभासपूर्ण रवैये से हैरान हुए बिना नहीं रह सकी हूं। कभी–कभी मैंने महसूस किया कि व्यक्तिगत स्तर पर हममें से अधिकांश लोग, पुरुषों और महिलाओं की समानता को स्वीकार करते हैं। लेकिन, सामूहिक स्तर पर वही लोग हमारी आधी आबादी को सीमाओं में बांधना चाहते हैं। अपने अब तक के जीवन–काल के दौरान मैंने अधिकांश व्यक्तियों को समानता की प्रगतिशील अवधारणा की ओर बढ़ते देखा है। हालांकि, सामाजिक स्तर पर, पुराने रीति–रिवाज और परंपराएं, पुरानी आदतों की तरह, हमारा पीछा नहीं छोड़ रही हैं। यही, विश्व की सभी महिलाओं की व्यथा–कथा है। इक्कीसवीं सदी में जहां हमने हर क्षेत्र में कल्पनातीत प्रगति कर ली है, वहीं आज तक कई देशों में कोई महिला राष्ट्र या शासन की प्रमुख नहीं बन सकी है। दूसरे सीमांत पर, दुर्भाग्यवश, दुनिया में ऐसे स्थान भी हैं जहां आज तक महिलाओं को मानवता का निम्नतर हिस्सा माना जाता है और स्कूल जाना भी एक लड़की के लिए जिंदगी और मौत का सवाल बन जाता है!

लेकिन ऐसा सदैव नहीं रहा है। भारत में ऐसे काल–खंड भी रहे हैं, जब महिलाएं निर्णय लिया करती थीं। हमारे शास्त्रों और इतिहास में ऐसी महिलाओं का उल्लेख मिलता है, जो अपने शौर्य, विद्वत्ता या प्रभावी प्रशासन के लिए जानी जाती थीं। आज एक बार फिर अनगिनत महिलाएं अपने चुने हुए क्षेत्रों में कार्य करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं। सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए सुविचारित प्रयास किए गए हैं। परंतु ये प्रयास महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए हैं। उदाहरण के लिए, शिक्षा प्राप्त करने और नौकरियां हासिल करने में महिलाएं पुरुषों की तुलना में बहुत पीछे रहती हैं। उनके इस पिछड़ेपन का कारण सामाजिक रूढ़ियां हैं न कि कोई साजिश।

### अष्टयोग-5078

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 4 | 5 | 7 | |
| | 25 | 7 | 32 | | 36 | |
| | 2 | | 6 | 3 | | 4 |
| 3 | 31 | 6 | 32 | | 33 | |
| | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | | 30 | |
| | 5 | | 3 | 2 | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. खड़ी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5077 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 33 | 7 | 35 | 1 | 28 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 35 | 3 | 35 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 33 | 1 | 31 | 5 | 30 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### मानवता की प्रगति में बराबरी का भागीदार

**मोहन।** मैं देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक दीक्षांत समारोहों में शामिल हुई हूं। मैंने देखा है कि यदि महिलाओं को अवसर मिलता है तो वे शिक्षा के क्षेत्र में पुरुषों से प्रायः आगे निकल जाती हैं। भारतीय महिलाओं तथा हमारे समाज की इसी अदम्य भावना के बल पर मुझे विश्वास होता है कि भारत महिला–पुरुष के बीच न्याय के मार्ग पर विश्व–समुदाय का पथ–प्रदर्शक बनेगा। ऐसा हरगिज नहीं है कि आधी मानवता, अर्थात पुरुषों ने दूसरे आधे हिस्से, यानी महिलाओं को पीछे रखकर कोई बढ़त हासिल की है। सच तो यह है कि यह असंतुलन पूरी मानवता को हानि पहुंचा रहा है, क्योंकि मानवता के रथ के दोनों पहिए बराबर नहीं हैं। यदि महिलाओं को निर्णय लेने में शामिल किया जाता है तो न केवल आर्थिक प्रगति में, बल्कि जलवायु से जुड़ी कार्रवाई में भी तेजी आएगी। मुझे विश्वास है कि यदि महिलाओं को मानवता की प्रगति में बराबरी का भागीदार बनाया जाए तो हमारी दुनिया अधिक खुशहाल होगी।






## 17 महीने बाद भी तलाक से उबर नहीं पाई हैं सामंथा रुथ प्रभु

समांथा रुथ प्रभु को नागा चौतन्य से अलग हुए एक साल से अधिक हो गया है। दोनों के अलग होने की खबर ने सबको हैरान कर दिया था। शादी के चार साल बाद ही इनके रिश्ते में ऐसी दरार आई थी कि इन्होंने एक स्टेटमेंट जारी करके सब खत्म होने की जानकारी दी थी। अब तो इस बात को 17 महीने बीत चुके हैं लेकिन शशाकुंतलमश एक्ट्रेस अभी तक अपने तलाक से उबर नहीं पाई हैं। हाल ही में दिए एक इटंरव्यू में सामंथा ने इस बारे में बात की अपने सेप्रेशन के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।
सामंथा रुथ प्रभु कहा– इस स्थिति के सबसे कठिन समय के दौरान, मैं एक ऐसी जगह थी जहां से कुछ नजर नहीं आ रहा था। चारों तरफ अंधेरा था। मुझे बहुत ही बुरे ख्याल आते थे। मैं इन ख्यालों से खुद को बर्बाद होने नहीं देना चाहती थी। मेरा था कि मुझे इन सब से आगे देखना है। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे साथ कई लोग खड़े रहे। मैं अभी भी इससे उबर नहीं पाई हूं, लेकिन कई बुरे दिन खत्म हो गए हैं।

## शाहिद कपूर का वर्ली वाला घर देख चौंधिया जाएंगी आंखें

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत पिछले साल मुंबई के वर्ली में अपने आलीशान डुप्लेक्स अपार्टमेंट में शिफ्ट हुए थे। मीरा अक्सर अपने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स को अपने अपार्टमेंट के अंदर की झलक दिखाती हैं। वह सजावट की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं। मीरा अपने पति शाहिद के साथ मुंबई में नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र के भव्य उदघाटन में शामिल हुईं। लॉन्च इवेंट के लिए अपना रास्ता बनाने से पहले मीरा और शाहिद दोनों ने फैंस को अपने घर के अंदर पोज देते हुए रात के लिए अपने डिजाइनर लुक को दिखाया। शाहिद कपूर, जिन्होंने छड।ब्‌ लॉन्च के लिए काली शर्ट और काली पैंट के साथ एक काले और सुनहरे रंग की जैकेट पहनी थी, ने भी घर पर पोज देते हुए अपनी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने मीरा के साथ उसी सीढ़ी के पास पोज देते हुए सन–किस्ड तस्वीरें शेयर कीं। मीरा और शाहिद ने 2015 में शादी की थी। उनके दो बच्चे हैं– बेटी मीशा कपूर और बेटा जैन कपूर। शाहिद को आखिरी बार प्राइम वीडियो वेब सीरीज फर्जी में देखा गया था। मीरा ने भूरे और बेज रंग के कोने में भी पोज दिया। उन्होंने घर में एक और कमरा दिखाया।

## एश्टन कचर और मिला कुनिस बच्चों के लिए नहीं छोड़ेंगे कोई प्रॉपर्टी



अमेरिकी एक्टर एश्टन कचर और उनकी पत्नी मिला कुनिस को यह कहने के बाद ऑनलाइन ट्रोल किया गया कि वे अपने बच्चों के लिए कोई पैसा नहीं छोड़ेंगे। डैक्स शेपर्ड पॉडकास्ट के साथ आर्मचेयर एक्सपर्ट के एक एपिसोड में दिखाई देने के दौरान, 45 वर्षीय कचर ने खुलासा किया कि दोनों अपने दो बच्चों के लिए कोई ट्रस्ट फंड नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा– मेरे बच्चे वास्तव में स्पेशल जीवन जी रहे हैं और वे इसे जानते भी नहीं हैं। मैं उनके लिए एक ट्रस्ट नहीं कर रहा हूं। हम अंत में हम अपना पैसा दान और कई चीजों में लगा देंगे। एश्टन कचर और मिला कुनिस अच्छे बैकग्राउंड से आते हैं और उन्होंने इंडस्ट्री में अपना काम किया है। फिलहाल उनके पास 275 मिलियन यानी की 275000000 करोड़ की प्रॉपर्टी है। इस कदम ने कई फैंस को चौंका दिया क्योंकि उन्होंने इस जोड़ी को उनके लिए ट्रोल किया। एश्टन कचर और मिला कुनिस पर अपने बच्चों के लिए कोई विरासत नहीं छोड़ने पर ट्विटर पर खूब ट्रोल किया गया। अपने बच्चों के लिए कोई विरासत नहीं छोड़ने के बारे में उनके ट्वीट वायरल होने के बाद ट्विटर पर लोगों ने एश्टन कचर और मिला कुनिस को ट्रोल किया और उनकी खिंचाई की। कई यूजर्स ने कपल को पैसे का मूल्य सिखाने के बजाय अपने बच्चों, व्याट और दिमित्री को खराब न करने के लिए अपनी पूरी संपत्ति दान में देने के लिए कहा।

# जान्हवी कपूर का भी रिश्ता पक्का समझें?

*आजकल बॉलीवुड गलियारों में नए नए कपल्स की चर्चा खूब हो रही है। हाल में ही कियारा–सिद्धार्थ ने शादी रचाई तो अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने भी अपने रिलेशनशिप पर मुहर लगाई। वहीं परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के इश्क के चर्चे से भला कौन अंजान है। ऐसे ही अब श्रीदेवी की बेटी जान्हवी कपूर के अफेयर की सुगबुगाहट भी तेज हो गई है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**स्टार्स का लगा जमावड़ा**

दरअसल हाल में ही नीता मुकेश अंबानी कल्चर सेंटर का मुंबई में उद्घाटन हुआ। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड से लेकर राजनीतिक जगत के तमाम सितारे आए। सलमान खान, आमिर खान, शाहरुख खान, कियारा–सिद्धार्थ, करीना–सैफ से लेकर तमाम स्टार्स पहुंचे।

**पहली बार पब्लिक प्लेस में साथ-साथ**

इस इवेंट में बोनी कपूर बेटी जान्हवी कपूर के रियूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ नजर आए। अब दोनों को पहली बार ऐसे पब्लिक प्लेस में देख सब हक्का बक्का रह गए। सब कहने लगे कि क्या जान्हवी कपूर और शिखर का रिलेशनशिप कंफर्म है। क्या इनकी भी जोड़ी जल्द बनने वाली है।

**जमकर दिए पोज**

खैर जान्हवी कपूर या उनके परिवार की ओर से कभी भी इस तरह की खबरों को कंफर्म नहीं किया है। न ही जान्हवी ने कभी शिखर के साथ अफेयर पर हामी भरी है। मगर तस्वीरें गवाह रही है कि दोनों के बीच दोस्ती से कुछ ज्यादा रहा है।

**सूटबूट में जान्हवी कपूर के रियूमर्ड बॉयफ्रेंड**

सोशल मीडिया पर बोनी कपूर और जान्हवी कपूर के कथित



बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया का वीडियो सामने आया है। सूटबूट में शिखर बोनी कपूर के साथ पोज दे रहे हैं। वहीं जान्हवी भी इस कार्यक्रम में खूब बलां की खूबसूरत दिखाई दी थीं।

**शेयर की थी रोमांटिक फोटो**

पिछले ही महीने शिखर पहाड़िया ने रोमांटिक फोटो शेयर करते हुए जान्हवी कपूर को बर्थडे विश किया था। हालांकि दोनों के इसमें चेहरे नजर नहीं आ रहे थे। दोनों एक दूसरे का हाथ थामे दिख रहे थे। इस तस्वीर को देखते ही फैंस जान्हवी और शिखर का नाम लेने लगे थे।

**तब टूट गया था रिश्ता!**

बता दें शिखर पहाड़िया महाराष्ट्र के पूर्व सीएम सुनील कुमार शिंदे के पोते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों के अफेयर की खबरें तो रही ही थीं लेकिन बीच में ये भी गपशप थी कि दोनों का रिश्ता टूट गया है।

**फिर शिखर और जान्हवी का पैचअप हो गया!**

दोनों का रिश्ता क्यों और कैसे टूटा इसे लेकर जानकारी नहीं आई थी लेकिन फिर दोनों को कई बार साथ देखा गया तो कहा जाने लगा कि शिखर और जान्हवी का पैचअप हो गया। फरवरी में जान्हवी कपूर फैमिली के साथ वेकेशन पर गई थीं। इस दौरान बोनी कपूर और बहन खुशी कपूर तो उनके साथ थे ही मगर वेकेशन पर उन्हें शिखर ने भी ज्वाइन किया था।

# आलिया भट्ट के कालिताना लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

*बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को चाहने वालों की कोई कमी नहीं। मां बनने के चंद महीनों में ही उन्होंने खुद को पुराने शेप में ढाल लिया है। वह बला की खूब एक बार फिर उनके प्रति फैंस की दीवानगी सामने आई है। हुआ यूं कि आलिया ने अपने कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर किए। इन फोटोज को देखने के बाद फैंस उन पर एक बार फिर फिदा हो गए। दिखावटी नाराजगी दिखाते हुए कहा कि इतनी खूबसूरत दिखना भी अच्छी बात नहीं। यह तो गैरकानूनी है।*



इंस्टाग्राम पर शेयर फोटोज में आलिया सिल्वर कलर की साड़ी और बॉलेट डिजाइन वाले ब्लाउज में नजर आ रही हैं। बोल्ड पोज दे रहीं आलिया की अदाएं कहर ढा रही हैं। हैवी जूलरी के साथ आलिया की मादक अदाएं फैंस पर बिजलियां गिरा रही हैं। इसकी बानगी है कि 14 घंटे पहले ही पोस्ट इन फोटोज पर अब तक एक करोड़ से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं। इसी के साथ 10 हजार से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जो खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पाए। इनमें बॉलिवुड की कई हस्तियां भी शामिल हैं।

**आलिया भट्ट के पोस्ट पर कमेंट्स**

आलिया की बेस्ट फ्रेंड आकांक्षा रंजन कपूर ने लिखा, सचमुच में इतनी खुबसूरत... और दिल वाला इमोजी शेयर किया है। वहीं, रिद्धिमा पंडित ने लिखा, अद्भुत। गौरी खान ने भी कमेंट किया है। उन्होंने कहा, खूबसूरत। इसके अलावा कई फैंस ने कमेंट किए। एक यूजर ने लिखा, लग नहीं रहा कि आप एक बच्चे की मां हैं, हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, इतना खूबसूरत दिखना गैरकानूनी नहीं है? वहीं, एक फैन ने तो एक्ट्रेस से उनकी ड्रेस की मांग ही कर डाली। कहा, मुझे भी यह साड़ी पहननी है।

**आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म**

वर्क फ्रंट की बात करें, तो आलिया जल्द ही रणवीर सिंह के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आएगी। यह फिल्म 28 जुलाई 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। वहीं, इससे पहले वह फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आई थीं। इसमें उनके पति और एक्टर रणबीर कपूर दिखाई दिए थे। बॉक्स ऑफिस पर इस मूवी ने ठीक ठाक कमाई कर ली थी।

# पेड़ों पर लदा पड़ा है ये रसीला फल, तुरंत खाएं



**शहतूत क्या है?**
शहतूत एक पेड़ होता है और इस पर छोटे, रसीले, नाजुक लाल–काले या सफेद रंग के फल आते हैं जिन्हें शहतूत कहा जाता है। यह पेड़ ज्यादातर एशिया, यूरोप और अमेरिका में देखने को मिलते हैं। अगर आप ग्रामीण क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं, तो यकीनन आपने यह फल जरूर खाया होगा। यह फल आम, सेब या अमरूद की तरह ज्यादा फेमस तो नहीं है लेकिन इसके फायदे आपको चौंका सकते हैं।

*शहतूत में भारी मात्रा में फाइबर और फ्लेवोनोइड्स होते हैं। इस फल के सेवन से आपको सूजन कम करने, दिल के रोगों का खतरा कम करने, इम्यून सिस्टम मजबूत बनाने और कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करने में मदद मिलती है। चलिए जानते हैं इस खट्टे–मीठे फल के और क्या–क्या फायदे हैं।*

**ब्लड शुगर कंट्रोल करने में सहायक**
अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो यह फल आपके लिए बढ़िया फूड है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में आपकी मदद कर सकता है। एक रिसर्च के अनुसार इस फल में मौजूद कुछ रसायन टाइप–2 डायबिटीज के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं के समान होते हैं।

**पाचन को बनाता है स्वस्थ और मजबूत**
शहतूत में अच्छी मात्रा में फाइबर पाया जाता है जोकि पाचन के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। यह पाचन को बढ़ाकर मल को नरम बनाता है। इसके नियमित सेवन से कब्ज, सूजन और पेट में ऐंठन की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में करता है सुधार**
शहतूत एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है जो ब्लड वेसेल्स को चौड़ा करके उनके कामकाज में सुधार करता है, जिससे ब्लड फ्लो में सुधार होता है। शहतूत आयरन से भरपूर होता है और आयरन होने की वजह से यह रेड ब्लड सेल्स का उत्पादन बढ़ाता है।

**कैंसर के खतरे को करता है कम**
एक अध्ययन के अनुसार शहतूत एंथोसायनिन से भरा होता है जो कैंसर कोशिकाओं को दूर रखता है। इसमें रेस्वेराट्रोल भी होता है, जिसे एंटी–कैंसर गुणों के लिए जाना जाता है और इस प्रकार यह कोलन कैंसर, स्किन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और थायरॉयड से लड़ने में मदद करता है।

**इम्यून सिस्टम को बनाता है मजबूत**
काले–काले मीठे शहतूत इम्यून पावर बढ़ाने का सबसे बढ़िया और सस्ता उपाय है। शहतूत में मौजूद विटामिन सी की अच्छी मात्रा होती है और यही वजह है कि यह फल इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में काम करता है।



## जल्दी नहीं बनना चाहते बूढ़े बाबा तो जरूर खाएं ये चीजें

बुढ़ापा हर किसी को आना है लेकिन अगर आप समय से पहले बूढ़ा होने से बच सकते हैं। हालांकि दुनिया की कोई चीज उम्र बढ़ने को नहीं रोक सकती लेकिन जीवन में छोटे–छोटे काम करके आप उम्र बढ़ने के लक्षणों को जरूर कम कर सकते हैं। जवानी में शरीर मजबूत और स्वस्थ रहता है। आपको बीमारियों का भी उतना खतरा नहीं होता है लेकिन जैसे ही उम्र 30 के पार हो जाती है, शरीर भी कमजोर और बूढ़ा होने की राह पर चलने लगता है। फैट टू स्लिम की डायरेक्टर और न्यूट्रिशनिस्ट एंड डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा के अनुसार, हेल्दी एंड फिट रहने और बढ़ती उम्र को काबू करने के लिए डाइट, एक्सरसाइज, तनाव और नींद चार मजबूत स्तंभ हैं। इनमें भी डाइट का सबसे अहम रोल होता है। 30 की उम्र में अप क्या खाते–पीते हैं, इससे तय होता है कि आने वाले 10–15 साल स्वास्थ्य के लिहाज से आपके लिए कैसे रहने वाले हैं। यह पोषक तत्व बेहतर मूड, दिमागी कामकाज को बेहतर बनाने, सूजन कम करने, उम्र बढ़ाने के साथ–साथ कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा कम करने में सहायक है। आपको अपनी डाइट में वसायुक्त मछली है।

## बुखार की दवा की कीमत बढ़ी, घरेलू उपायों से फ्री में करें इलाज

1 अप्रैल से करीब 800 दवाएं महंगी हो गई हैं। इसमें फीवर की मेडिसिन भी शामिल है, जिसकी कीमत काफी ज्यादा हो गई है। इसलिए आप बुखार का इलाज करने के लिए कुछ घरेलू उपायों की मदद ले सकते हैं। इससे बुखार भी उतर जाएगा और जेब पर भार भी नहीं पड़ेगा। आयुर्वेद कफ और वात दोष के असंतुलन को बुखार का कारण मानता है। आयुर्वेद कहता है कि बुखार में पेट की अग्नि कम हो जाती है, जिससे उल्टी, पेट दर्द जैसे अन्य लक्षण भी परेशान करते हैं। इसलिए बुखार उतारने के लिए दोषों को संतुलित करना और पाचक अग्नि को बढ़ाने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। गिलोय का सेवन तीनों दोषों को संतुलित करने में मदद करता है। यह आपके खून से विषाक्त पदार्थ भी कम करता है। शोध के मुताबिक गिलोय का काढ़ा पीकर तेज बुखार से भी राहत पाई जा सकती है। पेट के लिए आंवला बहुत अच्छा होता है। इसका सेवन भूख बढ़ाने के साथ वात, पित्त और कफ को संतुलित करने में मदद करता है। कमजोर आंखों से परेशान लोग भी इस उपाय को कर सकते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर का इलाज है टमाटर का जूस



अध्ययन में यह बात सामने आई है कि ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति के लिए रोजाना एक गिलास बिना नमक वाला टमाटर का जूस पीना फायदेमंद हो सकता है। यह हृदय रोग के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। शोधकर्ताओं ने पुरुषों और महिलाओं सहित लगभग 500 लोगों की जांच की। शोधकर्ताओं ने पाया कि नियमित रूप से इस रस को पीने के बाद अनुपचारित प्री–हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर वाले सभी 94 लोगों में काफी गिरावट आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हाई कोलेस्ट्रॉल वाले 125 प्रतिभागियों में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल यानी गंदे कोलेस्ट्रॉल का लेवल औसतन 155.0 से घटकर 149.9 मिलीग्राम डीएल हो गया। शोधकर्ताओं का मानना है कि टमाटर में कैरोटीनॉयड, विटामिन ए, कैल्शियम और गामा–एमिनोब्यूट्रिक एसिडजैसे विभिन्न प्रकार के बायोएक्टिव यौगिक होते हैं, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज की रोकथाम सहित फिजिकल एंड मेंटल हेल्थ को बढ़ावा देने में सहायक हैं। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में शामिल सभी प्रतिभागियों को दो महीने तक रोजाना 84 से 200 उस तक जूस पीने को दिया था। यह लगभग एक छोटे गिलास के बराबर होता है।

# दर्दनाक बवासीर का इलाज है ये जड़ वाली सब्जी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*बवासीर या पाइल्स एक दर्दनाक रोग है, जो मलाशय में गांठ या खून बहने का कारण बनता है। यह बीमारी कब्ज के कारण होती है। बवासीर के मरीजों को मल त्याग के दौरान गुदा क्षेत्र में गंभीर दर्द और जलन होना, खून आना और खुजली होना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। कई लोगों में बवासीर एक पुरानी बीमारी हो सकती है जबकि बहुत से लोगों को यह बीमारी होती है और ठीक हो जाती है। उम्र बढ़ने के साथ बवासीर होने का खतरा बढ़ जाता है क्योंकि मलाशय और गुदा को सहारा देने वाले ऊतक कमजोर हो जाते हैं।*

**बवासीर दो तरह की**
बवासीर दो तरह की होती है एक जिसमें गुदा के बाहर मस्से हो जाते हैं जिनमें खून नहीं आता, दूसरा जिसमें अंदर मस्से हो जाते हैं जिनमें खून आता है। बवासीर का तुरंत इलाज किया जाना जरूरी है। आयुर्वेद डॉक्टर मिहिर खत्री आपको पांच ऐसे आयुर्वेदिक तरीके बता रहे हैं जिनके जरिये आप बवासीर के गंभीर लक्षणों से राहत पा सकते हैं, इसमें सूरन की सब्जी भी शामिल है।

**सूरन की सब्जी**
अगर आप बवासीर से पीड़ित हैं या आपका यह रोग पुराना है, तो आपको इसे जल्दी खत्म करने के लिए सूरन की सब्जी खानी चाहिए। यह जड़ वाली सब्जी आपको बाजार में आसानी से मिल सकती है। डॉक्टर ने बताया कि हफ्ते में तीन बार इस सब्जी को घी में बनाकर खाने से आराम मिल सकता है।

**छाछ भी है बवासीर का बढ़िया इलाज**







गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे में आपको छाछ का सेवन शुरू कर देना चाहिए। यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है और शरीर में पानी की कमी को भी पूरा करता है। इससे कब्ज और बवासीर से राहत मिल सकती है।

**दूध में घी मिलाकर पियें**
बवासीर की समस्या से राहत पाने के लिए आपको रात को सोने से पहले एक कप गुनगुने दूध में 1 चम्मच देसी गाय का घी डालकर पीना चाहिए। इससे आपको मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

**खूब पानी पियें**
पानी नहीं पीना कब्ज का सबसे बड़ा कारण है। पानी पीने से खाना पचाने में मदद मिलती है। आपको दिनभर खूब पानी पीना चाहिए। गर्मियों के मौसम में वैसे भी पाना का सेवन बढ़ा देना चाहिए। प्यास नहीं लगने पर भी पानी पीते रहें।

**रात को जल्दी और हल्का खाना**
अगर आपको रात के समय मांस या अन्य हैवी फूड खाने वालों में से हैं, तो इया आदत को बदल दें। असल में यही आदत कब्ज का कारण बनती है। डॉक्टर के अनुसार रात का खाना जल्दी खाना चाहिए और खाना बिल्कुल हल्का होना चाहिए। इसके अलावा बवासीर के दर्द और सूजन से राहत पाने के लिए आप रोजाना 10 मिनट गुनगुने पानी में बैठें, जिसे सिट्ज बाथ भी कहा जाता है।




### यश के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड

यश ने अपने चार ओवर के स्पैल में 69 रन लुटाए और उनका विकेट का खाता भी नहीं खुल सका। यश ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे महंगा स्पैल फेंका। आईपीएल में सबसे महंगा स्पैल डालने का शर्मनाक रिकॉर्ड बसिल थंपी के नाम है, जिन्होंने 2018 में चार ओवर में 70 रन लुटाए थे।

## पांच छक्कों से उथल-पुथल हुई आईपीएल की रिकॉर्ड बुक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने एक के बाद एक लगातार पांच छक्के लगाते हुए आईपीएल की रिकॉर्ड बुक को उथल–पुथल कर डाला है। रिंकू द्वारा खेली गई 21 गेंदों पर खेली गई 48 रनों की विस्फोटक पारी के बूते केकेआर ने गुजरात टाइटंस के जबड़े से जीत को छीन लिया। रिंकू सिंह आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच छक्के जमाने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। रिंकू से पहले इस लीग में लगातार पांच सिक्स लगाने का कारनामा मार्कस स्टोइनिस, रवींद्र जडेजा, राहुल तेवतिया और क्रिस गेल कर चुके हैं। रिंकू ने मैच के आखिरी ओवर में यश दयाल के खिलाफ बल्ले से जमकर तबाही मचाई और आखिरी ओवर से 29 रन बटोरे। आईपीएल के इतिहास में आखिरी ओवर में बने यह सर्वाधिक रन हैं। इससे पहले इस लीग के लास्ट ओवर में सिर्फ 23 रन बनने का रिकॉर्ड था, जिसको रिंकू ने अब चकनाचूर कर दिया है। रिंकू की इस तूफानी पारी के दम पर केकेआर ने गुजरात से मिले 205 रनों के लक्ष्य को आखिरी गेंद पर हासिल किया।

# मुझे अंदर से विश्वास था कि मैं ऐसा कर सकता हूं

क्रिकेट

## रिंकू सिंह ने बताया आखिरी ओवर से पहले मैदान पर क्या हुआ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 सत्र के एक रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स ने आखिरी गेंद पर गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हरा दिया। मैच के हीरो रहे रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर की आखिरी 5 गेंदों पर 5 छक्के उड़ाए थे। रिंकू 21 गेंदों में 48 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें से 40 रन उन्होंने आखिरी 7 गेंदों में बनाए। मैच के बाद उन्होंने बताया कि इस आखिरी ओवर की आखिरी 5 गेंदों पर लगाए गए छक्के से पहले उनके और उमेश यादव के बीच क्या बातचीत हुई थी।

रिंकू सिंह ने कहा– मुझे अंदर से विश्वास था कि मैं ऐसा कर सकता हूं, क्योंकि मैंने पिछले साल लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भी ऐसी ही पारी खेली थी। वहां भी मुझे ऐसा विश्वास था और आज




भी मैंने वह विश्वास दिखाया। मैंने खुद से कहा विश्वास रखियो, आखिरी तक खेलियो। साथ ही उन्होंने उमेश यादव ने उनसे क्या कहा था इस बारे में भी बताया। उन्होंने कहा– भैया ने भी मुझसे यही कहा। लागा रिंकू, सोचियो मत।


इससे पहले वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में 83 रन बनाकर नाइटराइडर्स मैच में ला दिया तो 16वें ओवर में वह अल्जारी जोसेफ के हाथों आउट हो गए। इसके बाद राशिद खान ने आंद्रे रसेल, सुनील नरेन और शार्दुल ठाकुर को लगातार गेंदों पर आउट करते हुए हैट्रिक पूरी की। इस बारे में कप्तान नीतीश राणा ने कहा, अगर आप देखें तो जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो हमने अच्छा प्रदर्शन किया। यह सिर्फ आखिरी दो ओवर थे (जहां उन्होंने 45 रन दिए थे), जिसने हमारा काम खराब किया था। लेकिन श्रेय रिंकू सिंह को जाता है। अगर आज हमारे पास दो अंक हैं तो यह सब रिंकू सिंह की वजह से हैं।

उन्होंने साथ ही कहा– लोगों ने मुझसे पूछा है कि रिंकू सिंह टॉप ऑर्डर में क्यों नहीं आते हैं और हमेशा छोटी भूमिकाएं निभाते हैं। आज मैं कहना चाहूंगा कि यदि यह एक छोटी भूमिका है तो आप कल्पना कर सकते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। रिंकू सिंह मेरे लिए कितना महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, यह हम जानते हैं। पिछले मैच में हमने देखा कि एक छोर को थाम कर बल्लेबाजी करते रहना जरूरी था और उन्होंने ऐसा ही किया और आज जो किया वह हर किसी ने देखा। मेरे पास रिंकू की पारी का वर्णन करने के लिए शब्द नहीं हैं।

# हट यार... कैमरामैन पर क्यों भड़की काव्या मारन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए रविवार की रात काफी यादगार रही। टीम का प्रदर्शन सातवें आसमान पर था। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के अपने तीसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से रौंदा है और सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की है। इस मैच का आयोजन हैदराबाद में ही हुआ था। ऐसे में फैंस और प्लेयर्स का इस पहली जीत के बाद खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन भी अपनी टीम को सपोर्ट करने स्टेडियम पहुंची हुई थी। जब–जब काव्या मैदान में अपनी टीम को चीयर करने जाती हैं तब–तब फैंस को उनकी नई तस्वीरें



देखने को मिलती है। कैमरामैन का पूरा फोकस काव्या पर रहता है। लेकिन जब पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में कैमरामैन ने यह हरकत की तो काव्या गुस्से से तिलमिला गईं। उन्होंने ऐसा खतरनाक रिएक्शन दिया जिसकी वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। सनराइजर्स हैदराबाद की ओनर काव्या मारन को काफी कैमरा फ्रेंडली माना जाता था। वह कभी भी कैमरा के सामने हिचकिचाती नहीं थी, और लाइमलाइट का आनंद उठाती थीं। लेकिन जब एसआरएच और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मैच में कैमरामैन उनके मुंह पर कैमरा लाया तो वो भड़क गईं। उन्होंने कैमरा में देखते हुए क्या शहट यारश। उनका यह रिएक्शन सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। उनकी यह वीडियो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रही है। इसके अलावा बात करें मैच की तो, हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। पंजाब के लिए सबसे ज्यादा 99 रन कप्तान शिखर धवन ने बनाए। वह अंत तक नाबाद भी रहे। 144 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स ने 8 विकेट और 17 गेंद रहते टारगेट को चेज कर लिया। राहुल त्रिपाठी ने टीम के लिए 48 गेंद में 74 रन की अहम पारी खेली।

## पिछले टूर्नामेंट का कोई कप्तान इस बार नहीं संभालेगा टीम की कमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी–20 विश्व कप 2022 में मिली करारी शिकस्त के बाद टीम इंडिया को इस साल अपने ही देश में वनडे विश्व कप 2023 का आयोजन करना है। बता दें कि इस बार भारत में खेले जाने वाले वनडे विश्व कप बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएगा। इस बार सभी टीमों के नए कप्तान देखने को मिलेंगे। पिछले बार साल 2019 के विश्व कप में जिन खिलाड़ियों को टीम की कमान सौंपी गई थी, इस बार उन्हें बतौर कप्तान नहीं देखा जाएगा। भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करते हुए नजर आएंगे। पिछली बार विराट कोहली ने टीम इंडिया की कमान संभाली थी। वहीं, इस टूर्नामेंट में चोटिल केन विलियमसन खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं वनडे विश्व कप 2023 में कौन किस टीम की कप्तानी करता हुआ नजर आएगा। दरअसल, ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, वनडे विश्व कप 2023 में पिछले बार के टूर्नामेंट में कप्तानी करने वाले खिलाड़ी इस बार टीम की कमान संभालते हुए नहीं दिखेंगे।

## न्यूज डायरी



### तो शिखर धवन के लिए फैंस ने बीसीसीआई से की ये खास मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2023 में 9 अप्रैल को पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया मुकाबला बेहद ही रोमांचक रहा। इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से मात दी और सीजन की पहली जीत हासिल की। पंजाब किंग्स टीम के सभी बल्लेबाज इस मुकाबले में फ्लॉप रहे, लेकिन कप्तान शिखर धवन ने अंत तक ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर टीम को 143 रन बनाने में अहम योगदान दिया। उनकी ये तूफानी बल्लेबाजी कर सेलेक्टर्स का ध्यान अपनी ओर जरूर खींच लिया है। सोशल मीडिया पर धवन को वनडे वश्व कप 2023 में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग का मौका देने की मांग उठने लगी है। दरअसल, आईपीएल के 14वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने बल्ले से तहलका मचाते हुए नाबाद 99 रनों की पारी खेली और टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। मैच में हैदराबाद के गेंदबाजों ने अच्छी शुरुआत की। पारी की पहली ही गेंद पर भुवनेश्वर कुमार ने सलामी बल्लेबाज प्रभिसिमरन को चलता किया। इसके बाद लगातार पंजाब किंग्स के विकेट गिरते चले गए, लेकिन कप्तान शिखर धवन क्रीज पर डटे रहे।

### किंग खान के वायरल ट्वीट के बाद नीतीश–रिंकू का रिएक्शन हुआ वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 के 13वें मैच में धमाकेदार प्रदर्शन कर टीम को न सिर्फ जीत दिलाई, बल्कि आईपीएल इतिहास की ऐसी जीत दर्ज की , जिसे फैंस कई सालों तक नहीं भूल पाएंगे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ केकेआर टीम को 3 विकेट से मिली जीत के बाद रिंकू सिंह की हर जगह तारीफ हो रही है। इस कड़ी में केकेआर टीम के मालिक शाहरुख खान ने झूमे जो पठान के अंदाज में रिंकू और पूरी टीम को शाबाशी दी। उनके पोस्ट पर कप्तानी नीतीश राणा ने रिट्वीट कर एक दिलचस्प बात कही है। साथ ही रिंकू सिंह का भी किंग खान के ट्वीट पर रिएक्शन वायरल हो रहा है। दरअसल, आईपीएल 2023 के 13वें मैच में रिंकू सिंह ने गुजरात टाइटंस के जबड़े से आखिरी ओवर में जीत छीन ली और पांच गेंदों पर पांच छक्के जड़कर हर किसी को अपना दीवाना बना दिया है। केकेआर टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद मालिक शाहरुख खान ने भी एक पोस्ट शेयर कर रिंकू सिंह और पूरी टीम को जीत की बधाई दी है। उन्होंने रिंकू की धमाकेदारी पारी के बाद उनका एक पोस्टर बनाया है, जिसे उन्होंने अपने पोस्ट में शेयर किया है।

### कौन हैं मयंक मारकंडे जिनकी जादुई बॉलिंग के सामने ढेर हो गई पंजाब किंग्स?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चोटिल होने के चलते और राहुल चाहर के मुंबई के लिए अच्छा करने के चलते मयंक अचानक मुंबई से ड्रॉप हो गए। इसके बाद उन्हें शेरफेन रदरफोर्ड के लिए दिल्ली कैपिटल्स ट्रेड भी कर दिया गया। वहीं दिल्ली ने भी उन्हें ट्रेड कर राजस्थान भेज दिया। हालांकि इसके बाद उन्हें आईपीएल 2022 में फिर मुंबई इंडियंस ने अपने साथ जोड़ा था। लेकिन 2023 के ऑक्शन से पहले फिर रिलीज कर दिया था। बहरहाल, हैदराबाद में उनके पास चमकने का फिरसे मौका है। सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मैच में मयंक ने अपनी जादुई गेंदबाजी से कोहराम मचा दिया। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में 3 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए महज 15 रन देकर 4 बड़े विकेट झटके। 11 नवंबर 1997 को मयंक मारकंडे का जन्म पंजाब के बठिंडा में हुआ था।

### 5 छक्के खाने वाले यश दयाल का ऐसे बढ़ाया हौसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रिंकू सिंह एक ऐसा नाम है जिसने हर किसी को अपना दीवाना बना लिया। रिंकू ने वो कर दिखाया जिसको करने में बड़े–बड़े सूरमा खिलाड़ियों के भी पैर कापते हैं। उन्होंने आखिरी ओवर में 5 गेंद पर 5 छक्के जड़कर केकेआर को मैच जिता दिया। जहां रिंकू ने यह चमत्कार कर अपना नाम बना लिया, तो वहीं गेंदबाज यश दयाल इसको जितना जल्दी हो सके भुलाना चाहेंगे। जब हर कोई रिंकू–रिंकू कर रहा था उस बीच केकेआर ने यश दयाल के लिए कुछ ऐसा किया कि सबका दिल जीत लिया।


डीएम कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए पार्टी के पदाधिकारी।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क बनाएं तो पानी की निकासी भी देखें अधिकारी

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के अधिकारियों के साथ मसूरी विधानसभा क्षेत्र में एमडीडीए द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अवस्थापना निधि के विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने एमडीडीए द्वारा मसूरी विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी सड़कें बनाएं वहां पानी की निकासी सुनिश्चित करें। उन्होने ड्रीम प्रोजेक्ट राजपुर स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के निर्माण में तेजी लाने के साथ ही तय समय सीमा के भीतर काम करने के भी निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय लोगों को आवासीय नक्शा पास कराने से सम्बन्धित सभी समस्याओं के समाधान को कहा।

### कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल, मंत्री पहुंचे जिला अस्पताल

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर प्रदेशभर में मॉक ड्रिल की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत खुद कोरोनेशन जिला अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने यहां पर मरीजों के लिए ऑक्सीजन, आईसीयू बेड मानव संसाधन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि फिलहाल 500 से 550 जांच रोजाना की जा रही है। इसे बढ़ाकर 1000 से 1500 जाएगा वही चार धाम यात्रा के लिए बूस्टर डोज के लिए शिविर लगाए जाएंगे इसके लिए केंद्र सरकार से वैक्सीन मांगी गई है।

### टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**संवाददाता** देहरादून। द्वितीय एमएस कुंवर मेमोरियल उत्तराखंड स्टेट ओपन टेनिस टूर्नामेंट में देहरादून के लोकेश चुघ एवं राजीव नेगी की जोड़ी ने पुरुष 40 प्लस युगल वर्ग के फाइनल में दम दिखाया। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स परेड ग्राउंड के टेनिस कोर्ट में सोमवार को एकल और युगल वर्ग के मुकाबले खेले जा रहे हैं। रविवार को पुरुष 40 प्लस युगल वर्ग में लोकेश चुघ व राजीव नेगी ने रुद्रपुर के राजेश कुमार व डॉ. रितेश शर्मा की जोड़ी को 6–4 से हराकर खिताबी दौर में जगह बनाई थी।

### केएफसी का नया चिकन रोल खाईये केवल 99रु. में

**संवाददाता** देहरादून। जीवन विकल्पों के बारे में है लेकिन फूडीज की एक सबसे बड़ी मुश्किल है स्वाद और बजट में से एक को चुनना अपना पसंदीदा खाना ऑर्डर करें या पैसे बचाएं, यह दुविधा हर किसी के मन में आती है। आज की जनरेशन अक्सर इस मुश्किल में रहती है कि "मुझे यह खाना है, क्योंकि यह स्वादिष्ट है" और "क्या इस पर इतना खर्च करें?"

# भूमि क्रय करने से पहले रिकार्ड अवश्य जांच लें: जिलाधिकारी

**जनसुनवाई**

■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन

■ ओवरलोडिंग पर करें सख्त से सख्त कार्यवाही

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 92 शिकायतें प्राप्त हुई प्राप्त शिकायतों में भूमि संबंधी विवाद, लैंड फ्राड, आपसी विवाद, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, पारिवारिक विवाद, पहाड़ों में ओवर लोडिंग, नेटर्वक समस्या आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा जल्द ही रिकार्ड चैकर विकसित करने की तैयारी की जा रही है जिस पर भूमि संबंधी रिकार्ड चैक किए जा सकेंगे, तथा भूमि धोखाधड़ी फर्जीवाडे से बचा जा सकेगा। जनसुनवाई के माध्यम से दिव्यांग बच्चे को स्कूटी दिलाए जाने पर संबंधित द्वारा जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



विगत जनसुनवाई में एमएच काजी निवासी इंदर रोड़ द्वारा अपने दिव्यांग बच्चे को स्कूटी दिलाए जाने का अनुरोध किया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। एमएच काजी ने जिलाधिकारी के प्रयास तथा सहायक अभियन्ता एमडीडीए अजय माथुर के समन्वय से स्कूटी दिलाए जाने पर जिलाधिकारी एवं एमडीडीए अभियन्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिलाधिकारी ने चकराता त्यूनी में ओवर लोडिंग की शिकायतों पर संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग पर कार्यवाही करें। इसी प्रकार नेटवर्क एवं सर्वर डाउन रहने से शासकीय ऑनलाइन कार्यों में बाधा उत्पन्न होने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी त्यूनी को जांच करने के निर्देश दिए साथ ही बीएसएनएल के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। भूमि संबंधी प्रकरणों एवं लैंड फ्राड की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जनमानस से अनुरोध किया कि भूमि क्रय करने से पहले रिकार्ड अवश्य जांच लें। तथा प्लॉट क्रय करते समय एमडीडीए द्वारा स्वीकृत प्लॉट ही क्रय करें जिससे भूमि संबंधी धोखाधड़ी से बचा जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.एस के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम जगदीश लाल, प्रभागीय वनाधिकारी चकराता कल्याणी, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द दुर्गापाल, नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, पुलिस अधीक्षक क्राईम सर्वेश पंवार, निदेशक ग्राम्य विकास अधिकारी आर.सी तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, तहसीलदार सदर सोहन सिंह रांगड़, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन, सहायक अभियन्ता एमडीडीए अजय माथुर सहित विद्युत आदि संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थिति रहे।

### शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें। ताकि लोगों को अनावश्यक न भटकना पड़े। साथ ही शिकायत की स्थिति के संबंध में शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाए।

# 219 करोड़ की सौगात देने नैनीताल पहुंचे मुख्यमंत्री

**शिलान्यास**

■कांग्रेसियों ने किया बवालय कहा–मुख्यमंत्री गो बैक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नैनीताल दौरे पर रहे। उन्होंने शहर में करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके साथ ही वह हल्द्वानी में आयोजित हो रहे कुमाऊं द्वार महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

नैनीताल पहुंचने पर विधायक सरिता आर्य व विधायक राम सिंह कैड़ा, कमिश्नर दीपक रावत, डीएम धिराज गर्ब्याल के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सीएम राज्य अतिथि गृह काठगोदाम में सोमवार रात्रि विश्राम करेंगे। दौरे के दौरान नैनीताल में डेढ़ घंटे व भवाली में करीब साढ़े तीन घंटे का समय आरक्षित रखा गया है।





वहीं नैनीताल शहर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित कार्यक्रम से पूर्व ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बवाल कर दिया। एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाकर मुख्यमंत्री गो बैक के नारे लगाए।

इस बीच कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ जमकर खींचतान भी हुई। विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की गई है। प्रदर्शन करने वालों में कैलाश अधिकारी, बंटू आर्य, पवन जाटव, नितिन जाटव व अविनाश कुमार समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**219 करोड़ की 142 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यासः** नैनीताल में आरक्षित समय को छोड़ सीएम पंत पार्क के समीप आयोजित कार्यक्रम में करीब एक घंटा बिताया। जहां वह पेयजल की छह, पीएमजीएसवाई व शहरी विकास विभाग की 13.28 करोड़ की एक–एक योजना का लोकार्पण किया। साथ ही 206 करोड़ की 134 योजनाओं का शिलान्यास किया जिसमें पेयजय के साथ ही आयुष विभाग, शहरी विकास विभाग, पीएमजीएसवाई की योजनाएं शामिल हैं।

### निजी स्कूलों पर मनमानी का आरोप, फीस एक्ट की उठाई मांग

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय आदर्श पार्टी ने निजी स्कूलों पर मनमानी का आरोप लगाया है। पार्टी के पदाधिकारियों ने सोमवार को डीएम कार्यालय में इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान को ज्ञापन भी दिया। पार्टी के अध्यक्ष एमएस कटारिया ने कहा कि 5 जनवरी 2022 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने एक प्राधिकरण के गठन के आदेश जारी किए गए थे। इस प्राधिकरण का कार्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना, निजी स्कूलों की मनमानी को रोक व फीस एक्ट लाना था। इसके अलावा अभिभावकों की रोजाना की शिकायतों के निस्तारण के लिए एक समिति बनाना था। लेकिन आज तक ना प्राधिकरण बन पाया ना ही बाकी सब कुछ। उन्होंने सरकार से इसके गठन की मांग की। उठायी गई मांगों में निजी शिक्षण संस्थाओं में रीएडमिशन के नाम पर ली जाने वाली फीस पर रोक लगाई जाए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+

Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।